भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1233
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन का विकास

†1233. श्री जी. सेल्वम:
श्री धनुष एम. कुमार:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में ग्रामीण पर्यटन के विकास की भारी संभावना है;

(ख) यदि हां, तो देश में, विशेष रूप से तमिलनाडु में, ग्रामीण पर्यटन के स्थानों के रूप में पहचाने गए और विकसित किए गए गांवों/जिलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त उद्देश्य के लिए आवंटित धनराशि क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): जी हां, महोदय । देश में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए अत्यधिक संभावना है ।

देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना को ध्यान में रखते हुए पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप-आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल तैयार की है । कार्यनीति दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करता है:

i. ग्रामीण पर्यटन के लिए मॉडल नीतियां और उत्तम कार्य-पद्धति
ii. ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और प्लेटफार्म
iii. ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टरों का विकास
iv. ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन
v. हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण
vi. शासन और संस्थागत रूपरेखा

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है । योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

श्री जी. सेल्वम और श्री धनुष एम. कुमार द्वारा ग्रामीण पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 11.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1233 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

देश में स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ: भितिहरवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास	44.27	39.96
2.	केरल	(2018-19)	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	30.98
			कुल	**101.62**	**70.94**

*****